RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बर:- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्ष:13 | अंक: 286 जयपुर, गुरूवार, 19 नवम्बर 2026 मूल्य: 2.00 रूपए पृष्ठ : 4

▶ नेता प्रतिपक्ष ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों से की भारत को लेकर बात

अमेरिका में राहुल गांधी बोले, आर्थिक आपदा की कगार पर खड़ा है भारत

चुनाव में 50 गुना ज्यादा खर्च से मैं अचंभित, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

नई दिल्ली/संचार जगत

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय अमेरिका दौरे पर हैं। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों से भारत को लेकर बात की। राहुल गांधी ने भारत की आर्थिक हालत पर एक बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने भारत को एक आर्थिक आपदा की कगार पर खड़ा बताया।

उन्होंने भारत की बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने भारत की बेरोजगारी समस्या पर बात की। वहीं, उन्होंने भारत की शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत में शिक्षा व्यवस्था में बहुत दिक्कतें हैं। राहुल गांधी ने अपने छात्रों की गूंज कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि देश में युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उनके सामने 50-70 हजार छात्र मौजूद थे। सभी को एक ही चिंता थी कि पढ़ाई के बाद उनका भविष्य क्या होगा और वे आगे क्या करें। राहुल ने कहा कि छात्रों की बातें सुनकर उनका दिल टूट गया



था। छात्र उनसे पूछ रहे थे कि अब हम क्या करें और यहां से कहां जाएं? वहीं, कांग्रेस नेता ने चुनाव प्रचार में खर्च होने वाले पैसे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में पहले के मुकाबले 20 से 50 गुना ज्यादा पैसा खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि इतना पैसा कहां से आ रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई बड़े मुकाबले वाली सीटों पर अचानक पांच लाख वोटों के अंतर से लोगों को जीत मिली, जो उन्हें मुमकीन नहीं लगता। उन्होंने चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए कहा कि पिछले पांच साल तक पूरा विपक्ष स्थिति को देखकर हैरान था और उन्हें स्थिति को समझने में समय लगा।

एसआईआर पर खर्च को लेकर सवाल

राहुल ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को सामान्य अभियान से बिल्कुल अलग बताया। उन्होंने कहा, इस अभियान में जितना पैसा खर्च किया गया, वह अनुमान से 20, 30, 40 या 50 गुना तक ज्यादा था। इतना पैसा कहां से आया। इस अभियान में खर्च की गई रकम को लेकर कई सवाल हैं, जिनका जवाब मिलना चाहिए। राहुल ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा, अचानक 5 लाख वोटों का मार्जिन मिल जाना संभव नहीं है। चुनावी नतीजों और वोटों के आंकड़ों को लेकर हमारी पार्टी (कांग्रेस) के पास कई सवाल हैं। हमारे पास चुनावी धांधली के कई सबूत हैं। इन्हें सामने लाने के लिए हम काम कर रहे हैं। राहुल ने कहा, हमारा मकसद देश की चुनावी व्यवस्था को फिर से दुरुस्त करना है। चुनावी व्यवस्था को ठीक किए बिना कुछ नहीं हो सकता। निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है।

राहुल के बयान पर भड़की बीजेपी, कहा- एंटी-इंडिया प्रोपेगैंडा फैला रहे



नई दिल्ली, आरएनएन। राहुल गांधी के अमेरिका में भारत आर्थिक आपदा की कगार पर वाले बयान पर बीजेपी हमलावर है। बीजेपी ने इसे राहुल गांधी का एंटी-इंडिया प्रोपेगैंडा करार दिया है। बीजेपी ने कहा कि भारत की गिनती सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में की जाती है लेकिन राहुल गांधी भारत को आर्थिक आपदा के कगार पर बता रहे हैं। गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को बचकाना बताते हुए उन पर भारत विरोधी बयान देने का आरोप लगाया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा, संसद के हर सत्र से पहले वे विदेश चले जाते हैं और वहां निर्देश लेते हैं। बीजेपी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी के इस बयान की तीखी आलोचना की है। बीजेपी ने राहुल गांधी पर विदेशी धरती पर भारत को बार-बार नकारात्मक रूप से पेश करने का आरोप लगाया। बीजेपी ने इसे राहुल गांधी का एक पैटर्न बताया है।

फाड़ रहे थे सोनिया की किताब गलती से फट गए बाला साहेब

शिवसेना शिंदे गुट कर रहा था किताब का विरोध: इसी दौरान शाइना एनसी ने गलती से फाड़ दी बालासाहेब ठाकरे की तस्वीर

नई दिल्ली/संचार जगत

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। लेकिन पार्टी नेताओं की एक गलती ने बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है।

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की पार्टी नेता शाइना एनसी ने गलती से शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की एक तस्वीर फाड़ दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस ने शिवसेना संस्थापक का अपमान करने के आरोप में शाइना एनसी पर निशाना साधा है। शाइना एनसी, संजय निरुपम और आनंद दुबे सहित शिवसेना नेताओं ने किताब के पन्ने फाड़ दिए और प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स से मांग की कि वे किताब के 201वें और 443वें पन्ने पर दिए गए अंशों को हटा दें। हालांकि, किताब के पन्ने फाड़ते समय, शाइना एनसी से गलती से बालसाहेब ठाकरे की एक तस्वीर फट गई। इस तस्वीर में बाल ठाकरे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के पुतले को चप्पलों से मारते हुए दिख रहे थे। पार्टी के नेता संजय निरुपम ने जब शाइना एनसी को ऐसा करते देखा तो उन्होंने तुरंत शाइना को उनकी गलती बताई। इसके बाद शाइना एनसी ने उस फटी हुई तस्वीर को कागजों के नीचे छिपा दिया।



शिवसेना का दावा: फटी हुई तस्वीर में मणिशंकर अय्यर थे

शिवसेना नेताओं ने दावा किया कि फटी हुई तस्वीर में मणिशंकर अय्यर थे, न कि बाल ठाकरे। बाद में शाइना एनसी ने भी स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्होंने मणिशंकर अय्यर की तस्वीर फाड़ी थी, न कि बाल ठाकरे की। शिवसेना नेता, बाल ठाकरे द्वारा मणिशंकर अय्यर के पुतले को चप्पलों से मारने वाली यह तस्वीर इसलिए लाए थे ताकि वे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को घेर सकें। उनका तर्क था कि बाल ठाकरे कांग्रेस के कट्टर विरोधी थे, फिर भी उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है।

बीएमसी में हंगामा, प्रदर्शन

इस घटना के बाद बीएमसी में हंगामा मच गया है। उद्धव ठाकरे गुट के पार्षदों ने शाइना एनसी के खिलाफ नारेबाजी की और उन्हें पार्टी से बाहर निकालने की मांग की। शिवसेना शिवसेना यूबीटी की पूर्व मुंबई मेयर किशोरी पेडनेकर ने कहा कि बालासाहेब का अपमान कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने शिंदे गुट द्वारा शिवसेना संस्थापक के प्रति दिखाए जा रहे प्रेम को दिखावटी करार दिया। शिवसेना यूबीटी के पार्षदों ने बीएमसी मुख्यालय में मेयर रितु तावड़े के कार्यालय के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। शिंदे गुट की नेता अमे घोले ने पलटवार करते हुए कहा कि सोनिया गांधी की किताब यूबीटी गुट के लिए भगवद गीता बन गई है।

देश में नशे की समस्या पर कैबिनेट मीटिंग में ही भावुक हुए पीएम मोदी

नशे को जड़ से खत्म करने का किया आह्वान, बोले- 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, अब दोबारा गरीब न बनें

नई दिल्ली/संचार जगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में देश में बढ़ती नशे की समस्या पर गहरी चिंता जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, युवाओं में नशे की लत का जिक्र करते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए।



उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को हर हाल में नशे के चंगुल से बचाना होगा। प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ मिली सफलता का उदाहरण देते हुए नशे की समस्या को भी जड़ से खत्म करने का आह्वान किया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की अहम बैठक हुई। आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद मनीला से देर रात दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री ने सुबह 10:30 बजे बैठक की अध्यक्षता की। करीब साढ़े तीन घंटे तक चली इस बैठक में नशे की बढ़ती समस्या, गरीबी उन्मूलन, नक्सलवाद, वित्तीय सशक्तीकरण और प्रशासनिक सुधारों समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

मंत्रिपरिषद की बैठक में तीन बड़े प्रेजेंटेशन

बैठक में सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों को लेकर तीन विस्तृत प्रेजेंटेशन दिए गए। गरीबी उन्मूलन पर विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि देश में 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इस प्रेजेंटेशन को वित्त, आर्थिक मामलों, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और मत्स्य पालन समेत 11 मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने पेश किया। नक्सल मुक्त भारत पर बैठक में नक्सलवाद के खिलाफ अब तक उठाए गए कदमों और देश को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में हुई प्रगति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही भविष्य की रणनीतियों पर भी जानकारी दी गई। जनधन योजना और वित्तीय सशक्तीकरण प्रेजेंटेशन प्रधानमंत्री जनधन योजना पर केंद्रित रहा। इसमें आम नागरिकों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने और उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई।

फिर से बदलेगी सैन्य अधिकारियों की वर्दी

रेजिमेंट से जुड़े निशान लौटेंगे, 1 दिसंबर से लागू होगा बदलाव



नई दिल्ली, आरएनएन। भारतीय सेना ने वरिष्ठ अधिकारियों की वर्दी में फिर से बदलाव होने जा रहा है। सेना ने वर्दी से जुड़े 2023 में किए गए बदलावों को वापस लेने का फैसला किया है। अब गोरखा राइफल्स के जनरल फिर से अपनी विशिष्ट टोपी पहन सकते हैं। साथ ही विशेष बलों के वरिष्ठ अधिकारी अपनी प्रतिष्ठित मैरून बेरेट भी पहन सकेंगे।

इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारी अपनी रेजिमेंट या कोर से जुड़े प्रतीक भी पहन सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 13 नवंबर को सेना ने इस संबंध में एक आंतरिक आदेश जारी किया है, जो 1 दिसंबर से लागू होगा। बदलावों के तहत, बख्तरबंद कोर के अधिकारी अब हरे रंग की बेरेट की जगह काली बेरेट पहनेंगे। वे काले जूतों के बजाय भूरे रंग के जूते पहनेंगे, जो पारंपरिक रूप से स्किनर्स हॉर्स, पूना हॉर्स और सेंट्रल इंडिया हॉर्स जैसी चुनिंदा रेजिमेंटों के अधिकारियों द्वारा पहने जाते हैं।

15 लाख का इनामी लश्कर ए तैयबा का कमांडर लतीफ ढेर

मस्जिद में छिपा था लतीफ भट, करीब सात घंटे चला ऑपरेशन, बिना अंदर घुसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया

नई दिल्ली/संचार जगत

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर और घाटी के मोस्ट वांटेड आतंकियों में शामिल लतीफ भट को मार गिराया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लतीफ भट की जानकारी देने या पकड़वाने वाले के लिए 15 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित किया था। वह 11 नवंबर को कुलगाम के अखरान में सीआरपीएफ जवानों पर हुए हमले का मास्टरमाइंड था।

इस हमले में तीन जवान घायल हुए थे। 11 नवंबर से ही सुरक्षाबल उसकी तलाश में अभियान चला रहे थे। बुधवार को लगभग सात घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद वह मार गिराया गया। मंगलवार सुबह 2:45 बजे यह मुठभेड़ शुरू हुई थी। लतीफ सुरक्षाबलों पर फायरिंग करते ही बचने के लिए कुलगाम की एक मस्जिद में छिप गया था।



कौन था लतीफ भट

लतीफ भट 18 नवंबर 2025 को लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुआ था। वह खुद कट्टरपंथी बना था और उसे सीमा पार से कश्मीर में शांति, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के निर्देश मिले थे। पुलिस के मुताबिक, वह घाटी में सक्रिय सबसे वांछित आतंकियों में से एक था और कश्मीर में एकमात्र जीवित स्थानीय आतंकी था। 22 साल का लतीफ भट कुलगाम के खरेवान चादर (अशमुजी) का रहने वाला था। 2025 की शुरुआत में अपने घर से अचानक लापता हो गया था। इसके बाद वो पाकिस्तान में बैठे हैंडलर सज्जाद गुल के कॉन्टैक्ट में आया और लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क में शामिल हो गया था।

ड्यूटी पर मोबाइल नहीं चला पाएंगे सुरक्षाबल के जवान

नई दिल्ली, आरएनएन। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हाल ही में सीआरपीएफ की पेट्रोलिंग टीम पर हुए आतंकी हमले के बाद जवानों की सुरक्षा से जुड़े कुछ अहम फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने चेकपॉइंट और संवेदनशील

कुलगाम हमले के बाद सीआरपीएफ की एडवाइजरी

स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का फैसला किया है। इसके लिए ड्यूटी पर तैनात जवानों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और सुरक्षात्मक हेडगियर पहनना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा ड्यूटी के दौरान जवानों के मोबाइल फोन को इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। साथ ही सुरक्षा चौकियों पर निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। ये निर्देश सीआरपीएफ के महानिदेशक की जम्मू-कश्मीर यात्रा और सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद जारी किए गए हैं।

सोनिया वोटर लिस्ट

कोर्ट ने पुलिस से मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

नई दिल्ली, आरएनएन। सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। दिल्ली की एक अदालत ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने

नागरिकता से पहले सोनिया का नाम वोटर लिस्ट में कैसे

की मांग वाली याचिका पर दिल्ली पुलिस से एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की है। इस मामले में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि वो अपनी रिपोर्ट अदालत के सामने पेश करें। एसीजेएम विनोद जोशी ने इस मामले में पुलिस से जवाब मांगा है। अदालत अब इस याचिका की आगे की सुनवाई के लिए 28 नवंबर 2026 को होगी। ये पूरा मामला सोनिया गांधी की नागरिकता और मतदाता सूची से जुड़ा हुआ है।

ऐतिहासिक


पृथ्वी से एक प्रकाश-दिवस दूर पहुंचने वाला पहला यान बना वॉयजर 1, यह दूरी करीब 25.9 अरब किमी.

49 साल पहले छोड़े गए यान ने बनाया नया कीर्तिमान

नई दिल्ली/संचार जगत

नासा के वॉयजर 1 यान ने अंतरिक्ष में एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह पृथ्वी से एक प्रकाश-दिवस की दूरी तक पहुंचने वाला पहला मानव निर्मित यान बन चुका है। यह यान लगातार अंतरतारकीय अंतरिक्ष में गहराई तक जा रहा है। करीब 49 साल पहले छोड़ा गया यह अंतरिक्ष यान 26 अरब किलोमीटर से अधिक की अविश्वसनीय दूरी तय कर चुका है। बुधवार को वॉयजर 1 ने महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है।

अब इसके रेडियो संकेत पृथ्वी तक पहुंचने में ठीक 24 घंटे लेंगे। प्रकाश की गति से यात्रा करते हुए यह एक प्रकाश-दिवस की दूरी है। प्रकाश एक सेकंड में करीब तीन लाख किलोमीटर की दूरी तय करता है। 24 घंटे में प्रकाश जितनी दूरी तय करता है, उसे एक प्रकाश-दिन कहते हैं। वॉयजर 1 की इस दूरी का मतलब है कि धरती से भेजा गया रेडियो संदेश यान तक पहुंचने में करीब 24 घंटे लेगा।



डेटा और चुनौतियां

वॉयजर यान लगभग हर दिन अपने अज्ञात वातावरण के बारे में जानकारी भेजते हैं। इसमें चुंबकीय क्षेत्र की शक्ति और दिशा, आसपास के दबाव, धूल और गांगेय ब्रह्मांडीय किरणें शामिल हैं। डोड के अनुसार, ये यान मौसम उपग्रहों की तरह कार्य करते हैं। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में उड़ान नियंत्रण टीम सप्ताह में एक बार कमांड भेजती है। सितंबर में, नियंत्रकों ने यान के लिए नवीनतम बिजली-बचत प्रयास पूरा किया। अक्तूबर में इससे संपर्क टूट गया था, जिसके कारण का पता लगाया जा रहा है।

सौरमंडल से बाहर की दुनिया का हो रहा अध्ययन

वॉयजर 1 और इसका जुड़वां वॉयजर 2 लगातार विज्ञान और इंजीनियरिंग डेटा भेज रहे हैं। ये 61,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से अंतरिक्ष में अलग-अलग बिंदुओं की ओर बढ़ रहे हैं। वॉयजर 2 को 1977 में वॉयजर 1 से दो सप्ताह पहले प्रक्षेपित किया गया था। हालांकि, वॉयजर 2 वर्ष 2035 तक एक प्रकाश-दिवस का निशान हासिल नहीं कर पाएगा। वॉयजर 1 ने 1979 और 1980 में बृहस्पति और शनि के पास से उड़ान भरी। इसके बाद यह सौर मंडल से बाहर निकल गया और वर्ष 2012 में अंतरतारकीय अंतरिक्ष में पहुंचा। वॉयजर-1 और वॉयजर-2 अब इंटरस्टेलर स्पेस यानी तारों के बीच मौजूद अंतरिक्ष का अध्ययन कर रहे हैं। दोनों यान सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र से बनी एक विशाल सुरक्षा परत हेलियोस्फीयर को पार कर चुके हैं। वॉयजर-1 ने 2012 में और वॉयजर-2 ने 2018 में इस सीमा को पार किया था। इन यानों को असल में ग्रहों की खोज के लिए बनाया गया था, लेकिन अब इनसे तारों के बीच मौजूद अंतरिक्ष के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वैज्ञानिकों को अब यह समझना पड़ रहा है कि इन पुरानी मशीनों से ऐसा काम कैसे कराया जाए, जिसके लिए इन्हें मूल रूप से तैयार ही नहीं किया गया था।

ई-रिक्शा: सेफ्टी के लिए अब तय होंगे स्टैंडर्ड्स

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत एनकैप के आधार पर सुरक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है लक्ष्य

ई-रिक्शा को लेकर लोगों को कई तरह की शिकायत होती है। इनमें से एक सेफ्टी को लेकर है, जिस पर सरकार काम कर रही है। भारत में सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार ई-रिक्शा की सेफ्टी को ध्यान में रखकर नए नियम तैयार कर रही है।

इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। दरअसल, सरकार भारत एनकैप के आधार पर ई-रिक्शा के लिए नए सेफ्टी स्टैंडर्ड तैयार कर रही है। इन स्टैंडर्ड का मकसद इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सेगमेंट में सुरक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। भारत में हर साल लगभग 5 लाख एक्सीडेंट होते हैं, जिसमें 1.8 लाख लोग अपनी जान गंवाते हैं।

संपादकीय

खतरा हैं हर पक्ष के अतिवादी

एक समय माओवादियों से त्रस्त रहे बस्तर में अर्धसैनिक बलों के साथ दीवाली मनाते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माओवाद से मुक्ति दिलाने में सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए आगाह भी किया कि यह खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं, क्योंकि दिमागी नक्सलियों ने अन्य अनेक क्षेत्रों में भी अपनी पैठ बनाई हुई है। उन्होंने कहा कि आज भी वे देश के संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ लोगों को भड़का रहे हैं और हमें इनकी पहचान करनी होगी, इन्हें परास्त करना होगा और राष्ट्र को पूरी तरह सुरक्षित बनाना होगा। मोदी के इन शब्दों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। स्मरण रहे कि भारत का लोकतांत्रिक संविधान महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़े गए स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित देश की आकांक्षाओं का प्रतीक है और इन आकांक्षाओं में सर्वप्रमुख आकांक्षा यही थी कि सभी भारतीय विशेषकर गरीब, वंचित और हाशिए के लोग अपनी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के साथ सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण जीवन जी सकें। भारतीय समाज पारंपरिक रूप में कुछ सामंती स्वरूप का रहा, पर संविधान ने उसके आधुनिकीकरण की राह तैयार की। संविधान में उसके दायरे के भीतर या बाहर देश में बदलाव लाने के लिए हिंसा का सहारा लेने वाले किसी भी समूह के लिए कोई स्थान नहीं था। इसलिए, जिन भी तत्वों ने अति-वामपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए बंदूक उठाई, उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता था। उनका मुकाबला करना अनिवार्य था। यह संतोषजनक है कि मोदी सरकार में माओवादी हिंसा के विरुद्ध मुहिम को सफलता मिली। माओवादी हिंसा के उन्मूलन में सुरक्षा बलों के शौर्य और मोदी सरकार की दृढ़ता को स्वीकार कर उन्हें श्रेय दिया ही जाना चाहिए। जिस तरह हिंसा का समर्थन करने वाले धुर वामपंथी संवैधानिक मूल्यों को दरकिनार करते हैं, ठीक उसी तरह समाज और राजनीति में अतिवादी विचार थोपने वाले धुर दक्षिणपंथी भी संविधान की भावना से विमुख होते हैं। हमारा संविधान एक भविष्योन्मुखी दस्तावेज है और यही सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम है। संविधान ने इस पहलू को स्वीकार किया कि भारतीय समाज के कुछ वर्गों ने ऐतिहासिक भेदभाव का सामना किया है। इसीलिए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए इसने अफर्मेटिव एक्शन यानी आरक्षण जैसी व्यवस्था के सिद्धांत को अपनाया। ऐसे में जो धुर दक्षिणपंथी ऊंच-नीच पर आधारित पुराने समाज की ओर लौटने में यकीन रखते हैं, उनके लिए भी लोकतांत्रिक भारतीय गणराज्य में कोई स्थान नहीं। धुर वामपंथ और धुर दक्षिणपंथ दोनों के अतिवादी कृत्य संविधान के अनुरूप नहीं हैं। धुर वामपंथी जहां क्रांति लाने के लिए हिंसक बदलाव के पैरोकार हैं, वहीं धुर दक्षिणपंथी सामाजिक क्षेत्र सहित लगभग सभी क्षेत्रों में अतीत की ओर देखते हैं। हिंसा उन सभी आदर्शों के बिल्कुल विपरीत है, जिनका संविधान प्रतिनिधित्व करता है। आस्था, समुदाय और जाति के आधार पर भेदभाव करने वाले कृत्य भी सीधे तौर पर संविधान के विरुद्ध हैं। भारत के संवैधानिक मूल्य और व्यवस्थाएं इतनी व्यापक और गहरी हैं कि वे सभी शिकायतों और समस्याओं का विवेकपूर्ण समाधान कर सकती हैं। यह समाधान भले ही तात्कालिक न हो और इसमें आपसी तालमेल एवं परस्पर विनिमय की प्रक्रिया शामिल हो, लेकिन इसी व्यवस्था में ही व्यापक सद्भावना के साथ उन मुद्दों के भी हल निकाले गए हैं, जो कभी अनसुलझे प्रतीत होते थे।

प्रत्याशी थोपने की पुष्ट होती परंपरा

भले ही राजनीतिक दल यह कहते हों कि प्रत्याशियों का चयन एक तय प्रक्रिया और आंतरिक या बाहरी स्तर पर कराए गए सर्वेक्षणों के आधार पर किया गया, लेकिन ऐसे दावे तब जनता का मुंह चिढ़ाते हैं, जब कोई नेता अचानक पाला बदलकर दूसरे दल से प्रत्याशी बन जाता है। पिछले कुछ समय से तो गैर-राजनीतिक लोग भी यकायक प्रत्याशी बनकर लोगों को चौंका रहे हैं। इनमें मौजूदा और पूर्व नौकरशाह खास तौर पर हैं। कभी-कभी कोई बाहुबली या कोई अति अमीर भी अचानक किसी दल में शामिल होकर प्रत्याशी बन जाता है। यह शायद ही कोई भूला हो कि हाल में सपा ने किस तरह अपने दल के लोगों को भी चकित करते हुए उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के ग्रुप प्रेसिडेंट धनराज परिमल नाथवानी को राज्यसभा का उम्मीदवार बना दिया था।



जिन पांच राज्यों-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में अगले वर्ष के प्रारंभ में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां से राजनीतिक हलचल तेज होने के साथ ही दलबदल के समाचार आने लगे हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों-विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह और चेतन सिंह ने अपनी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली। इस पर आश्चर्य ही होगा कि यदि भाजपा इन नेताओं को चुनाव मैदान में न उतारे। आसार इसी के हैं कि उन्होंने भाजपा की ओर से उम्मीदवार बनाए जाने की शर्त पर ही पाला बदला होगा। पंजाब से ही कांग्रेस ने दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं के लिए एक विशेष समिति का गठन कर दिया है। यही समिति दलबदल करने वाले नेताओं को पार्टी में शामिल करने का निर्णय लेगी। इस पर कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि वह दलबदलुओं को बढ़ावा देने में जुट गई है। यह वही आम आदमी पार्टी है, जिसके कई विधायक पहले कांग्रेस में थे। उत्तर प्रदेश में भी दलबदल का सिलसिला कायम हो गया है। भाजपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप बेटी कीर्ति कश्यप के साथ सपा में शामिल हो गए। इसके अतिरिक्त भाजपा के ही पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व विधायक सिनोद शाक्य और कुशाग्र सागर ने भी सपा का दामन थाम लिया। भाजपा छोड़ सपा में जाने वाले अन्य नेताओं में राम बहादुर पासी और चंद्र कुमार मिश्र भी हैं। भले ही सूत्रों के हवाले से ऐसी खबरें आई हों कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि दल बदलने वालों के साथ पार्टी नेताओं के निकट संबंधियों को टिकट नहीं मिलेगा, पर इसमें संदेह है कि जो भाजपा नेता सपा में आए हैं, वे केवल चुनाव प्रचार करने तक सीमित रहेंगे।

जो भी हो, सपा के तीन बागी विधायकों-राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और विनोद चतुर्वेदी ने भी पिछले दिनों भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनके अलावा एक अन्य सपा नेता अनिल यादव ने भी भाजपा का साथ पकड़ा।

इसी तरह बसपा के पूर्व सांसद अरविंद कुमार चौधरी भी भाजपा के साथ हो लिए। इनमें से कुछ भाजपा प्रत्याशी के तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ते दिखें तो हैरानी नहीं। यह तय मानिए कि आने वाले दिनों में चुनाव वाले राज्यों से नेताओं के पाला बदलने और फिर उनके नए दल की ओर से प्रत्याशी बन जाने के समाचार आएंगे। ऐसे समाचार राजनीतिक दलों की ओर से प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने के बाद भी आ सकते हैं। अपने दल से टिकट न मिलने से नाराज नेता बगावत कर दूसरे दल जा सकते हैं और उसके प्रत्याशी बन सकते हैं। भले ही राजनीतिक दल यह कहते हों कि प्रत्याशियों का चयन एक तय प्रक्रिया और आंतरिक या बाहरी स्तर पर कराए गए सर्वेक्षणों के आधार पर किया गया, लेकिन ऐसे दावे तब जनता का मुंह चिढ़ाते हैं, जब कोई नेता अचानक पाला बदलकर दूसरे दल से प्रत्याशी बन जाता है। पिछले कुछ समय से तो गैर-राजनीतिक लोग भी यकायक प्रत्याशी बनकर लोगों को चौंका रहे हैं। इनमें मौजूदा और पूर्व नौकरशाह खास तौर पर हैं। कभी-कभी कोई बाहुबली या कोई अति अमीर भी अचानक किसी दल में शामिल होकर प्रत्याशी बन जाता है। यह शायद ही कोई भूला हो कि हाल में सपा ने किस तरह अपने दल के लोगों को भी चकित करते हुए उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के ग्रुप प्रेसिडेंट धनराज परिमल नाथवानी को राज्यसभा का उम्मीदवार बना दिया था। उनके चयन ने इसलिए सुर्खियां बटोरी थीं कि उनके पिता राजग समर्थित राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी के बेटे हैं। कुल मिलाकर अब कोई भी नेता अथवा गैर नेता किसी दल में आनन-फानन शामिल होकर प्रत्याशी बन सकता है। हेलीकाप्टर की तरह अचानक चुनाव मैदान में उतर आने वाले ऐसे प्रत्याशी किसी नियम-कानून का उल्लंघन तो नहीं करते, लेकिन वे राजनीतिक दलों के इस खोखलेपन को अच्छी तरह उजागर करते हैं कि वे अपने कार्यकर्ताओं-नेताओं से विचार-विमर्श करके और जनता की राय लेकर प्रत्याशियों का चयन करते हैं। उनका यह तर्क भी कई बार बेबुनियाद ही सिद्ध होता है कि प्रत्याशियों के चयन का आधार उनके जीतने की क्षमता और उनकी लोकप्रियता होती है। राजनीतिक दल अपनी पसंद के प्रत्याशियों को अपने कार्यकर्ताओं अथवा जनता की पसंद बताकर उन्हें चुनाव मैदान में उतारकर एक तरह से उन्हें लोगों पर थोपने का ही काम करते हैं। अब इस काम ने एक पुष्ट परंपरा का रूप ले लिया है। पिछले चुनावों में यह खूब देखने को मिला है कि इस दल का नेता उस दल का और उस दल का इस दल का प्रत्याशी बन गया। इसी तरह दल विशेष को सांप्रदायिक, जातिवादी, परिवारवादी या भ्रष्ट बताने वाला कोई नेता उसी दल में शामिल होकर प्रत्याशी बन जाता है।

अनियंत्रित पिकअप के पलटने से एक महिला की मौत, 15 घायल

संचार जगत

लालसोट। सवामणि के आयोजन में शामिल होने पपलाज माता जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप गाड़ी घुमाव पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 15 श्रद्धालु घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

नयावास गांव से श्रद्धालु पिकअप में सवार होकर पपलाज माता के दर्शन एवं सवामणि के आयोजन में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पपलाज रोड पर



घुमाव पर चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और पिकअप पलट गई।

हादसे में वाहन में सवार श्रद्धालु घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचाया गया। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई गई है।

जयपुर के सुभाष चौक इलाके में चार दिन में दूसरी बार चाकूबाजी, पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

संचार जगत

जयपुर। जयपुर के सुभाष चौक थाना इलाके में महज चार दिनों के भीतर चाकूबाजी की दूसरी वारदात सामने आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

सोमवार रात करीब 9:30 बजे चारदरवाजे से सुभाष चौक आने वाले मार्ग पर वार्ड 114 के पार्षद मोहम्मद जाकरिया के कार्यालय के समीप 5-6 बदमाशों ने पुरानी रंजिश के चलते भांकरोटा निवासी सरफराज पर लाठी-सरियों और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल सरफराज को सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

परिजनों ने आरोप लगाया कि रहीस और उसके साथियों ने हत्या की नीयत से सरफराज पर हमला किया है और उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस मामले में सुभाष चौक थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रहीस और वारदात में शामिल उसके कुछ साथियों को हिरासत में ले लिया है।

झोटवाड़ा में अब हाई टेंशन लाइन की नो टेंशन

संचार जगत



जयपुर। कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रयासों से झोटवाड़ा के सात वार्डों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। पिछले 12 वर्षों में पहली बार इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए वार्ड 23, 24, 25, 28, 29, 35 और 36 में 12 किलोमीटर लंबी 132 केवी हाईटेंशन लाइन भूमिगत की जाएगी।

परियोजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। चुनाव के दौरान क्षेत्रवासियों से किया गया यह वादा अब धरातल पर उतर रहा है। घरों के ऊपर से गुजरती हाईटेंशन लाइनें और खुले तार लंबे समय से स्थानीय निवासियों के लिए चिंता और परेशानी का कारण रहे हैं। इससे सुरक्षा को लेकर आशंकाएं बनी रहती थीं और मकान निर्माण जैसे जरूरी कार्यों में भी बाधाएं आती थीं। क्षेत्र की इस पुरानी समस्या के समाधान के लिए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 80.20 करोड़ की इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली है। इस फैसले से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

डोनाल्ड ट्रम्प के स्वागत में जिनपिंग ने तोड़ा प्रोटोकॉल



संचार जगत

चीन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन पहुंच गए हैं। उनके स्वागत के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान जिनपिंग ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए ट्रम्प का स्वागत किया। यह पहली बार है जब शी जिनपिंग किसी विदेशी नेता की अगवानी के लिए एयरपोर्ट पहुंचे हैं। आमतौर पर विदेशी नेताओं के स्वागत की जिम्मेदारी अन्य वरिष्ठ अधिकारी निभाते हैं। ट्रम्प चीन में अपेक समिट में हिस्सा लेंगे। इस दौरान उनकी शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक भी प्रस्तावित है। बैठक में व्यापारिक संबंधों, टैरिफ, अमेरिकी कृषि उत्पादों की चीन की ओर से खरीद और रेयर अर्थ मेटल्स की आपूर्ति जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा, आज ट्रम्प, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के बीच त्रिपक्षीय बैठक भी होगी। इस बैठक में ईरान युद्ध और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल सहित कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

न्यू सांगानेर रोड पर फिर गरजा जेडीए का बुलडोजर

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट के सख्त रुख और अवमानना की चेतावनी के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार सुबह से न्यू सांगानेर रोड पर एक बार फिर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

अभियान के इस दूसरे चरण में सोडाला से गुर्जर की थड़ी के बीच करीब 800 मीटर के दायरे में आ रहे 80 से अधिक मकानों और दुकानों के अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है।



जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने मेट्रो पिलर नंबर 84 के पास से कार्रवाई की शुरुआत करते हुए सबसे पहले दुकानों के बाहर फुटपाथ पर बनी सीढ़ियों को तोड़ना शुरू किया। अभियान का दूसरे चरण में 100 फीट चौड़ी सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 5 टीमें तैनात की गई है।

एस. जयशंकर ने फुमियो किशिदा से की मुलाकात

संचार जगत

टोक्यो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने टोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की।

दोनों नेताओं के बीच भारत-जापान के रणनीतिक हितों और आर्थिक सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। फुमियो किशिदा वर्तमान में जापान-इंडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। फुमियो किशिदा चार अक्टूबर 2021 से एक अक्टूबर 2024 तक जापान के प्रधानमंत्री रहे थे। इस बैठक में जापान में भारत की राजदूत नगमा मलिक और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जयशंकर इस समय जापान की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां वह भारत-जापान विदेश और रक्षा मंत्रियों की वार्ता के चौथे संस्करण में हिस्सा ले रहे हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी तक पहुंची टेक्निकल ग्लिच की आंच

एनएसए के कई सिस्टम हो गए ठप

नई दिल्ली/संचार जगत

यूएस में पिछले कुछ दिनों से टेक्नोलॉजी से जुड़ी कई बड़ी गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन ने बार-बार साइबर हमले की आशंका को खारिज किया है, लेकिन यूएस राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के गोपनीय कम्यूनिकेशन नेटवर्क में आई रुकावट ने चिंता बढ़ा दी है।



अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) द्वारा बहुत गोपनीय जानकारी संभालने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला संचार नेटवर्क ठप हो गया है। एनएसएनेट नाम के इस नेटवर्क का इस्तेमाल एनएसए के कर्मी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी को आंतरिक रूप से साझा करने के लिए करते हैं। फिलहाल गड़बड़ी कितनी बड़ी है और इसके पीछे क्या कारण हैं। इन सभी पहलुओं से जांच हो रही है। अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं। वहीं, एनएसए ने अपने कर्मचारियों के लिए काम पर आने के अलग-अलग समय तय किए हैं। जिससे वे अलग-अलग समय पर काम पर आ सकें। व्हाइट हाउस ने इस रुकावट को लेकर साइबर हमले की आशंका से इनकार किया है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था

संचार जगत

नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत ने आर्थिक मजबूती के मामले में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है।

ताजा आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026-30 की अवधि के लिए भारत को दुनिया की सबसे लचीली प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा मिला है। इस सूची में भारत ने चीन, जापान, जर्मनी और अमेरिका जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को भी पीछे छोड़ दिया। एसोचैम और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के आधार पर तैयार मैक्रोइकोनॉमिक रेजिलिएंस रैंकिंग में भारत ने 100 में से 71 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इस सूची में चीन 66 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसके बाद जापान और रूस को 60-60 अंक मिले। जर्मनी 59 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहा, जबकि इटली और ब्राजील को



53-53 अंक प्राप्त हुए। यूनाइटेड किंगडम को 52, फ्रांस को 40 और अमेरिका को 36 अंक मिले। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक चुनौतियों ने भारत की आर्थिक कमजोरी को नहीं, बल्कि उसकी बढ़ती मजबूती को उजागर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने बाहरी आर्थिक झटकों का सामना करने की अपनी क्षमता को लगातार मजबूत किया है। अक्टूबर में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कहा था कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादों और प्रभावी नीतिगत हस्तक्षेपों के कारण वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रही है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी : सीएम योगी

संचार जगत



लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। भाजपा अपने नेतृत्व, देवतुल्य कार्यकर्ताओं और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के आधार पर जनता के बीच जाएगी। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदली है।

उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और विकास से जुड़े सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा, सुशासन, रोजगार, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और गरीब कल्याण के क्षेत्र में हुए काम जनता के सामने हैं। भाजपा इन उपलब्धियों के आधार पर तीसरी बार सरकार बनाने में सफल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का संगठन परिवारवाद पर नहीं बल्कि मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों से जुड़े कार्यकर्ताओं पर आधारित है। इतने बड़े प्रशासनिक ढांचे में भाजपा का कोई कार्यकर्ता अपने निजी स्वार्थ के लिए थाना, तहसील या जिला प्रशासन को बंधक नहीं बनाता। उन्होंने इसे संगठन के अनुशासन और सुशासन का उदाहरण बताया।

मुख्यमंत्री ने सपा-कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उनके शासनकाल में अराजकता, कर्फ्यू, दंगे, लूट और रंगदारी प्रदेश की पहचान बन गए थे। भाजपा सरकार ने कानून-व्यवस्था को मजबूत कर भयमुक्त वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'बंटोगे तो कटोगे' का संदेश ध्रुवीकरण के लिए नहीं बल्कि समाज को सतर्क और एकजुट रहने के लिए है।

जयपुर स्थापना दिवस समारोह गंगापोल गेट पर हुआ गणेश का पूजन

शाम को रंगारंग, सास्कृतिक कार्यक्रमो, आतिशबाजी, शहनाई वादन ने जयपुरवासियों को किया मत्रंमुग्ध

दीयों से रोशन हुआ स्टेच्यू सर्किल, भव्य आतिशबाजी से रोशन हुआ आसमां

संचार जगत



जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर के 299वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को गंगापोल गेट पर महापौर सुनील कोठारी एवं सासंद जयपुर (शहर) मंजू शर्मा ने प्रथम पूज्य की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर शहर की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महापौर सुनील कोठारी ने सभी जयपुरवासियों को 299वें जयपुर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक बालमुकुंदाचार्य, उप महापौर सरोज कंवर एवं पार्षद विमल अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, कविता शर्मा, सुभाष संघी सहित अन्य पार्षद एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे। इस अवसर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। जब गुलाब की पंखुडिया आम जन पर गिरी तो आमजन रोमाचिंत हो गए। इसके पश्चात महापौर द्वारा गोविंददेव जी मंदिर पहुंच कर दर्शन व पूजन किया गया। इस अवसर पर कत्थक नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। स्टैच्यू सर्किल राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गायत्री परिवार की ओर से मंत्र उच्चारण से दीप प्रज्जवलन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, महापौर सुनील कोठारी, उपमहापौर सरोज कंवर, अन्य पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं आयुक्त ओम कसेरा, अतिरिक्त आयुक्त नरेन्द्र कुमार बंसल सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। स्टेच्यू सर्किल के चारों ओर 8 हाथियों पर शहनाई वादन किया गया। साथ ही कलाकारों द्वारा लोक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई साथ ही भव्य आतिशबाजी भी की गई। स्टेच्यू सर्किल पर रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमो, आतिशबाजी, शहनाई वादन ने जयपुरवासियों को मत्रंमुग्ध कर दिया। स्टेच्यू सर्किल पर भी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई गायत्री परिवार की ओर से गायत्री मंत्र का उच्चारण भी किया गया। स्टेच्यू सर्किल पर 11 हजार इलेक्ट्रोनिक एवं मिट्टी के दीपक से स्टेच्यू सर्किल रोशन हुई। इस दौरान जयपुर अखिल विश्व से न्यारा गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विदेशी सैलानियों ने भी आनंद लिया।

मध्यप्रदेश में सरकारी नौकरियों के लिए दो बच्चों की शर्त हटी

संचार जगत



गांधीसागर। सरकार ने राज्य कर्मचारियों और नौकरी के उम्मीदवारों के लिए दो बच्चों की उस पाबंदी को पूरी तरह से खत्म कर दिया है जो पिछले 25 वर्षों से सरकारी नौकरियों के लिए लागू थी। यह फैसला मंदसौर जिले के गांधीसागर बांध परिसर में मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री यादव ने मीडिया से कहा कि जब समाज के अन्य लोगों के दो से अधिक बच्चे हो सकते हैं, तो केवल सरकारी कर्मचारियों पर ही यह पाबंदी क्यों लगाई जाए। कैबिनेट ने सामान्य प्रशासन विभाग के सिविल सेवा नियम 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब दो से अधिक बच्चे होने पर उम्मीदवार सीधी भर्ती या विभागीय नियुक्तियों के लिए अयोग्य नहीं माने जाएंगे। साथ ही, पहले से कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को भी तीसरा बच्चा होने पर नौकरी से नहीं निकाला जाएगा और न ही उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह नीति मूल रूप से 26 जनवरी 2001 को तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार के समय जनसंख्या नियंत्रण उपाय के रूप में लागू की गई थी। इसमें दो से अधिक जीवित बच्चे होने पर व्यक्ति को सरकारी नौकरी पाने से रोक दिया गया था और तीसरा बच्चा होने को आधिकारिक कदाचार माना जाता था। इस फैसले से अकेले स्कूल शिक्षा विभाग के 30 हजार से अधिक शिक्षकों को सीधे तौर पर राहत मिलने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश ऐसा कदम उठाने वाला पहला राज्य नहीं है। राजस्थान ने मई 2016 में और छत्तीसगढ़ ने जुलाई 2017 में यह प्रतिबंध हटा दिया था। आंध्र प्रदेश ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए तीसरे बच्चे के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देने की घोषणा की है।

अवैध खनन के विरुद्ध वन विभाग की सख्त कार्रवाई




संचार जगत

कोटपुतली-बहरोड़। कोटपुतली-बहरोड़ वन मंडल में अवैध खनन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा विशेष कार्रवाई की गई। इसके तहत वन मंडल की बहरोड़ रेंज के अंतर्गत नाका नीमराना के वन क्षेत्र, बेलनी, ढोढा करी, प्रतापपुरा चक नंबर-1, चक नंबर-2 एवं घिलौट वन क्षेत्र में अवैध खनन के लिए बनाए गए कुल 20 खनन पॉइंट्स को जेसीबी मशीन की सहायता से खाई खोदकर बंद करवाया गया, ताकि इन स्थानों पर पुनः अवैध खनन की गतिविधियां संचालित नहीं हो सकें। उप वन संरक्षक बृज मोहन गुप्ता ने बताया कि वन क्षेत्रों में अवैध खनन की गतिविधियों को रोकने के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां नियमित गश्त की जाएगी तथा ऐसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन क्षेत्र में अवैध खनन एवं अन्य अनधिकृत गतिविधियों के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

संचार जगत



जोधपुर। भगत की कोठी थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। चोर मकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलमारियों और तिजोरियों को खंगालते हुए कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपए है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार भगत की कोठी क्षेत्र स्थित कृष्ण मंदिर के पास दूसरी गली निवासी प्रांशुल चौधरी तमिलनाडु में निजी नौकरी करते हैं। उनके माता-पिता जोधपुर में रहते हैं। प्रांशुल 4 नवंबर को जोधपुर आए थे। 11 नवंबर को उनके माता-पिता घूमने के लिए मुंबई चले गए। इसके बाद 13 नवंबर को प्रांशुल भी मकान पर ताला लगाकर पड़ोसी ओमजी गोड को चाबी देकर फ्लाइट से तमिलनाडु रवाना हो गए।

गुलाबी नगर के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं



संचार जगत

जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर भजनलाल शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करते हुए जयपुर की गौरवशाली विरासत, अद्भुत स्थापत्य कला और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को याद किया और सभी नागरिकों के मंगलमय जीवन की कामना की। भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में लिखा कि शौर्य, स्वाभिमान और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की गौरवशाली धरा, अद्भुत स्थापत्य कला एवं ऐतिहासिक वैभव से विश्वभर में विशिष्ट पहचान रखने वाली गुलाबी नगरी जयपुर के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पाकिस्तान टुकड़े-टुकड़े प्लान पर बिलावल ने शहबाज को हड़काया

संचार जगत

कराची। पाकिस्तान की शहबाज सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे बिलावल भुट्टो ने सिंध के बंटवारे पर सरकार पर करारा वार किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई जबरदस्ती सिंध को तोड़ने की कोशिश करेगा तो ये अच्छा नहीं होगा। अगर ऐसा हुआ तो कराची की सड़कों पर कचरा नहीं, खून बहेगा। कराची प्रेस क्लब में पत्रकारों से बात करते हुए बिलावल भुट्टो ने सत्ता के गलियारों और सैन्य अस्थापना पर कड़ा और तीखा हमला बोला। बिलावल ने कहा कि राजनीतिक सहमति के बिना अगर कोई प्रशासनिक बंटवारा थोपा गया तो भाई भाई के खिलाफ खड़ा हो जाएगा। उनके निशाने पर फील्ड मार्शल आसिम मुनीर रहे और उन्होंने इसके लिए उनके साले और सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी का सहारा लिया। बिलावल भुट्टों ने सिंध बंटवारे पर कहा कि इससे कराची, हैदराबाद और पूरे इलाके में अशांति फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रांतीय सीमा



बदलने के लिए संसद और संबंधित प्रांतीय असेम्बली दोनों में दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। कोई भी फैसला संसद के अंदर होना चाहिए, पीछे के दरवाजे से नहीं। बिलावल भुट्टो ने पहली बार इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में बोलते हुए कहा कि राजनीतिक बदले की राजनीति बंद होनी चाहिए।

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नियमों में हुआ बदलाव



संचार जगत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने निर्यातकों को अधिक सहायता प्रदान करने और निर्यात गतिविधियों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्यात दिशा उप-योजना के तहत चार प्रमुख हस्तक्षेपों के दिशा-निर्देशों में संशोधन विाणिज्य विभाग के अनुसार, इन बदलावों का उद्देश्य विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और नए निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराना है। संशोधित किए गए हस्तक्षेपों में मार्केट एक्सेस सपोर्ट, ट्रेड रेगुलेशंस, एक्रेडिटेशन एंड कंप्लायंस एनेबलमेंट और लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशंस फॉर फ्रेट एंड ट्रांसपोर्ट शामिल हैं।

मार्केट एक्सेस सपोर्ट का उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ाने में मदद करना है, जिसके तहत खरीदार-विक्रेता बैठकें, रिवर्स बायर-सेलर मीट, व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों और अन्य बाजार विस्तार गतिविधियों को समर्थन दिया जाता है।

घायल युवक ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

मारपीट में घायल युवक की मौत, मांगों पर सहमति के बाद धरना



संचार जगत

लालसोट। उपखंड के रामसिंहपुरा गांव निवासी मानसिंह गुर्जर के साथ लालसोट-कोथून रोड पर बंसीपुरा मोड़ के पास मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने चाकसू अस्पताल में धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी और मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने की मांग की। मानसिंह गुर्जर 16 नवंबर को मोटरसाइकिल लेकर बालाजी जाने की बात कहकर घर से निकला था। सूचना मिलते ही परिजन चाकसू अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि युवक के शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान थे। इसके बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल में धरना शुरू कर दिया तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। पुलिस-प्रशासन और मृतक के आश्रितों के बीच वार्ता और मांगों पर सहमति बनने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

उत्साह से मनाया जनजातीय गौरव दिवस



संचार जगत

कोटपूतली-बहरोड़। माय भारत केंद्र के तत्वावधान में मत्स्य पीजी कॉलेज, बानसूर में बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मत्स्य पीजी कॉलेज की निदेशक अंजू मीणा ने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, त्याग एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने बहुत कम उम्र में जनजातीय समाज को संगठित कर अंग्रेजी शासन, शोषण एवं अन्याय के विरुद्ध ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनका जीवन हमें अपने अधिकारों, संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक स्वाभिमान की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व, जनजातीय गौरव दिवस के महत्व, आदिवासी समाज में शिक्षा की भूमिका तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर लगाया भारत की बेइज्जती करने का आरोप



संचार जगत

जालंधर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं ने देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि को स्वीकार किया है। इसके बावजूद राहुल गांधी वैश्विक मंच पर भारत की बेइज्जती कर रहे हैं। जालंधर दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी भारत की अर्थव्यवस्था को आपदा कह रहे हैं। उन्होंने देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। आज हम 7.1 प्रतिशत की विकास दर के साथ आगे बढ़ रहे हैं और हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के हिसाब से आगे बढ़ रहे हैं। फिर भी, उन्हें एक डिजास्टर इकॉनमी दिखती है। विपक्ष के नेता की आलोचना करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी एक विदेशी टूलकिट के तौर पर सामने आकर भारत में अराजकता फैलाने का आपका इरादा कभी पूरा नहीं होगा। आप यूरोप का मैसेज भारत लाना चाहते हैं लेकिन हमारा देश दुनिया को गाइड करता है। अब दुनिया भी आपकी नाकामी देखेगी।

सुप्रीम कोर्ट से आसाराम को फिलहाल राहत नहीं, सर्दियों की छुट्टियों के बाद होगी याचिका पर सुनवाई

संचार जगत



जोधपुर। दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने जोधपुर दुष्कर्म मामले में दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा बरकरार रखने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली आसाराम की याचिका पर सुनवाई सर्दियों की छुट्टियों के बाद करने की बात कही है। अदालत ने यह भी दर्ज किया कि पैरोल की अवधि 26 अक्टूबर को समाप्त होने के बाद आसाराम ने संबंधित अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। मंगलवार को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ आसाराम की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई सर्दियों की छुट्टियों के तुरंत बाद की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट सर्दियों की छुट्टियों के बाद 4 जनवरी को दोबारा खुलेगा। पीठ ने यह भी ध्यान दिलाया कि वर्ष 2013 के गांधीनगर दुष्कर्म मामले में अपनी दोषसिद्धि और सजा के खिलाफ आसाराम की अपील गुजरात हाईकोर्ट में अब भी लंबित है। इससे पहले 14 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली आसाराम की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्हें बीमार पत्नी से मिलने जाने के लिए जमानत देने से मना कर दिया गया था। आसाराम को जोधपुर और गांधीनगर में दर्ज अलग-अलग दुष्कर्म मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

एसीबी जांच के खिलाफ शिखर अग्रवाल पहुंचे हाई कोर्ट

संचार जगत



जयपुर। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल ने राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ एंटी-करप्शन ब्यूरो की प्रारंभिक जांच और राज्य सरकार की ओर से दी गई मंजूरी को चुनौती दी है। शिखर अग्रवाल का आरोप है कि उन्हें अपना पक्ष रखने का कोई सार्थक मौका दिए बिना ही यह मंजूरी दे दी गई। उन्होंने तर्क दिया है कि सरकार की ओर से स्पष्टीकरण मांगने की प्रक्रिया सिर्फ एक औपचारिकता थी, न कि अपनी बात रखने का कोई वास्तविक अवसर। याचिका के अनुसार, घटनाओं का यह क्रम 27 अक्टूबर से शुरू हुआ, जब अग्रवाल छुट्टी पर विदेश में थे। अगले दिन, 28 अक्टूबर को, उन्हें एपीओ सूची में डाल दिया गया। 30 अक्टूबर को राज्य सरकार ने एसीबी को जांच आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी।

पुलिस ने ड्रोन से तस्करी करने वाले 28 पाकिस्तानी हैंडलरों की पहचान की

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान पुलिस ने 28 ऐसे पाकिस्तानी हैंडलरों की पहचान की है और उनके नाम बताए हैं, जो कथित तौर पर ड्रोन का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार हथियार, नशीले पदार्थ और विस्फोटक भेजने में शामिल रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है और इसे केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा किया जाएगा। इस बीच, पुलिस ने स्थानीय मददगारों की ज़मीनों की पहचान करना शुरू कर दिया है। जिन संपत्तियों का इस्तेमाल तस्करी के कामों में किया गया है, उन्हें जब्त करने की योजना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उनकी टीमों ने सीमा पार से ड्रोन के जरिए होने वाली तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। उन्होंने 28 ऐसे पाकिस्तानी हैंडलर्स की पहचान की है, जो कथित तौर पर भारतीय क्षेत्र में हथियार, नशीले पदार्थ और विस्फोटक गिराने में शामिल थे। ड्रोन उतारने के लिए इस्तेमाल की गई जमीनों को कानूनी प्रावधानों के तहत सरकारी नियंत्रण में लेने की तैयारी चल रही है।

पुलिस के अनुसार, पाकिस्तानी हैंडलरों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अपना नेटवर्क बना लिया है और वे ड्रोन के जरिए तस्करी करने के लिए स्थानीय लोगों की मदद ले रहे हैं। तस्करी का सामान खेतों में गिराया जाता है, जहां से स्थानीय लोग उसे उठा लेते हैं।

समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना की हुई समीक्षा



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक रश्मि शर्मा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा और पीएम श्री योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित हुई।

सभी जिलों के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में समग्र शिक्षा के सभी घटकों की जिलेवार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। प्रत्येक घटक के तहत अब तक हुए व्यय पर चर्चा हुई। विद्यालयों में शौचालयों की कार्यशील स्थिति, जर्जर भवनों से संबंधित निर्माण कार्यों, जादुई पिटारा और बाल मेलों सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। एसएनए स्पर्श प्रणाली पर विद्यालयों की मैपिंग की वर्तमान स्थिति और इसे पूरा करने की निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा की गई। साथ ही, जिलों को जारी वित्तीय सीमा के विद्यालयवार आवंटन और शेष राशि की स्थिति पर चर्चा हुई।

चुनौतीपूर्ण मामला सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी अस्पताल में सामने आया

जन्म के महज 17 घंटे में 1.5 किलो के नवजात को लगाया पेसमेकर, बचाई जान

संचार जगत



जयपुर। हृदय की गंभीर बीमारी से जूझ रहे महज 17 घंटे के नवजात को पेसमेकर लगाकर नई जिंदगी देने का एक चुनौतीपूर्ण मामला सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी अस्पताल में सामने आया है। जन्म के समय करीब 1.5 किलोग्राम वजन वाले इस बच्चे के दिल की धड़कन बेहद कम होकर 30 से 40 प्रति मिनट रह गई थी। सामान्य नवजात शिशु की तुलना में यह काफी कम थी और बच्चे के जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था।

ऐसी स्थिति में डॉक्टरों की टीम ने जन्म के लगभग 17 घंटे के भीतर ही पेसमेकर लगाने की जटिल प्रक्रिया पूरी की। अस्पताल के वरिष्ठ पीडियाट्रिक हार्ट सर्जन डॉ. सुनील कौशल ने बताया कि बच्चे के दिल की धड़कन धीमी होने की समस्या गर्भावस्था के दौरान ही पता चल गई थी। पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रेरणा भट्ट ने गर्भ में ही बच्चे के दिल की विशेष जांच (फीटल इकोकार्डियोग्राफी) की थी। जांच में पता चला कि बच्चे के दिल में धड़कन नियंत्रित करने वाली प्राकृतिक विद्युत प्रणाली का समुचित विकास नहीं हुआ था। इसी कारण जन्म के बाद उसके दिल की धड़कन सामान्य से काफी कम थी। दवाइयों और इंजेक्शन से धड़कन बढ़ाने के प्रयास किए गए, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसके बाद विशेष चिकित्सकीय निगरानी में प्रसव कराया गया। डॉ. कौशल के अनुसार, नवजात का वजन बेहद कम था और उसकी रक्त वाहिकाएं भी बहुत छोटी व नाजुक थीं। ऐसे में पेसमेकर लगाना डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती थी। पेसमेकर और उससे जुड़ी तार को सुरक्षित रखने के लिए ऑपरेशन के माध्यम से पेट में विशेष जगह बनाई गई। इसके बाद पेसमेकर प्रत्यारोपित किया गया। जन्म के महज 17 घंटे के भीतर पूरी की गई यह प्रक्रिया नवजात के लिए जीवनरक्षक साबित हुई।

पेसमेकर लगाए जाने के बाद बच्चे के दिल की धड़कन और सांस लेने की स्थिति में सुधार हुआ। अस्पताल में लगातार चिकित्सकीय निगरानी के दौरान उसका वजन में करीब 700 ग्राम बढ़ भी गया। डॉक्टरों के अनुसार, जन्मजात हृदय रोगों में समय पर पहचान और उचित उपचार बेहद महत्वपूर्ण है।

आधुनिक चिकित्सा तकनीकों की मदद से अब नवजात शिशुओं के कई जटिल हृदय रोगों का उपचार भी संभव हो रहा है। इनमें कुछ स्थितियों में बिना ओपन हार्ट सर्जरी के भी उपचार किया जा सकता है। इस जटिल उपचार प्रक्रिया में डॉ. सुनील कौशल, डॉ. प्रेरणा भट्ट, डॉ. गौरव गोयल सहित अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों और नर्सिंग स्टाफ की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रैगिंग की घटनाओं पर चिकित्सा मंत्री सख्त
मेडिकल कॉलेजों में प्रभावी रोकथाम के दिए निर्देश

संचार जगत



जयपुर। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने समीक्षा बैठक लेकर रैगिंग की रोकथाम एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में खींवसर ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को राजकॉप पुलिस ऐप डाउनलोड करवाया जाए। कॉलेज प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक विद्यार्थी के मोबाइल में यह ऐप उपलब्ध हो, ताकि रैगिंग अथवा किसी अन्य अप्रिय घटना की स्थिति में विद्यार्थी तत्काल पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचा सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की टीम को अन्य मेडिकल कॉलेजों में जाकर वहां के कॉलेज प्रशासन को मार्गदर्शन एवं मेंटरिंग देने के निर्देश दिए। खींवसर ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। ऐसे में रैगिंग जैसी घटनाओं से किसी युवा का आत्मविश्वास, मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य प्रभावित होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी भी विद्यार्थी का भविष्य कुछ लोगों के अनुचित व्यवहार की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए।

सहकारी समितियों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

संचार जगत



श्रीगंगानगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में नवगठित सहकारी समितियों के पंजीयन, बैंक से संबद्धता और विभिन्न सहकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सहकारिता में सहकार अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए बैंक मित्रों के चयन, माइक्रो एटीएम वितरण और किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डेयरी सहकारी समिति के सदस्यों के बैंक खातों से संबंधित मामलों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलक्टर ने जन औषधि केंद्रों की स्थापना की समीक्षा करते हुए पैक्स और श्रीगंगानगर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार के माध्यम से स्थान आवंटन की प्रक्रिया पर चर्चा की। बैठक में समर्थन मूल्य पर मूंग और मूंगफली की खरीद की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण, एक नोजल में मिली शॉर्ट डिलीवरी



संचार जगत

दौसा। उपभोक्ताओं को पेट्रोल-डीजल की सही मात्रा उपलब्ध कराने तथा उनके हितों की सुरक्षा के लिए जिले में पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। उपभोक्ता मामले विभाग के जांच दल ने जिले के 8 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। जांच दल ने पेट्रोल एवं डीजल की सभी नोजलों से होने वाली आपूर्ति की निर्धारित मानकों के अनुसार जांच की।

जांच में सूर्या फिलिंग स्टेशन गढ़ पर एक नोजल से निर्धारित मात्रा से कम ईंधन दिए जाने की अनियमितता पाई गई। सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर 10 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया तथा प्रतिष्ठान को नोजल का पुनः सत्यापन करवाने के लिए पाबंद किया गया। विभाग की ओर से पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा।

सिंचाई विभाग के लंबित मामलों पर सीएम योगी-धामी में बनी सहमति

20 हजार करोड़ की परिसंपत्तियों का विवाद सुलझा

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे से जुड़े वर्षों पुराने विवादों के समाधान की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी के बीच हुई बैठक में सहमति बनी। दोनों राज्यों के आपसी सहयोग और समन्वय से अब तक 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परिसंपत्तियों से जुड़े विवाद सुलझाए जा चुके हैं। शेष मामलों में सिंचाई विभाग की परिसंपत्तियों समेत अन्य लंबित प्रकरणों का भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सिंचाई विभाग सहित अन्य लंबित परिसंपत्ति विवादों के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में दोनों राज्यों के बीच लंबित मामलों को आपसी सहमति और समन्वय से जल्द निपटाने पर जोर दिया गया। इस दौरान उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज भी मौजूद रहे। दरअसल, उत्तराखंड के गठन के बाद से ही उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे, स्वामित्व और उनके उपयोग को लेकर कई मामले लंबित रहे हैं। इनमें सिंचाई विभाग की संपत्तियों के साथ जल संसाधनों और अन्य विभागों से संबंधित परिसंपत्तियां शामिल हैं। इन मामलों के समाधान को लेकर दोनों राज्यों के बीच समय-समय पर बातचीत होती रही है। बैठक में विशेष रूप से सिंचाई विभाग से जुड़े लंबित मामलों पर चर्चा हुई। दोनों मुख्यमंत्रियों ने शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर सहमति जताई।

चलते ट्रेलर में लगी आग



संचार जगत

नीमराना दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे 48 पर चलते ट्रेलर में आग लग गई। ट्रेलर ड्राइवर और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि, ट्रेलर में रखे चावल पूरी तरह जल गए। घटना नीमराना थाना क्षेत्र के जनकसिंहपुरा गांव के पास मंगलवार रात करीब 2 बजे की है। ट्रेलर हरियाणा से गुजरात की तरफ जा रहा था। ट्रेलर हरियाणा के पानीपत से चावल लेकर गुजरात के कांडला जा रहा था। हाईवे पर चलते समय जनकसिंहपुरा गांव के पास उसमें अचानक आग लग गई।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।